हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 30 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि विश्व के किसी भी नेता ने उनसे ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। श्री मोदी की यह टिप्पणी विपक्ष के उन आरोपों के बीच आई जिनमें कहा गया है कि अमरीका के दबाव में पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम पर सहमति हुई थी।

दुनिया के किसी भी नेता ने भारत के ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा। अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जी ने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था, अगर पाकिस्तान का यह इरादा है तो उसे बहुत महंगा पडेगा।

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में काफी अंदर जाकर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल 22 मिनट में आतंकी हमले का बदला ले लिया। प्रधानमंत्री ने कहा भारत ने विश्व को दिखा दिया है कि वह परमाणु हथियारों के नाम पर किसी भी धमकी के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है। स्वदेश में बने ड्रोन और मिसाईलों ने पाकिस्तानी हथियारों व गोले बारूद की क्षमता को बेनकाब कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि देश की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस का दृष्टिकोण कभी भी स्पष्ट नहीं रहा और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के कमजोर शासन के कारण आतंकी हमलों में अनेक नागरिकों को अपनी जान गंवानी पडी।

---

जींद में उत्तर रेलवे के निदेशक एस.के. श्रीवास्तव ने कल  नरवाना रेलवे स्टेशन का दौरा किया और वहाँ चल रहे नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने रेलवे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

बाद में मीडिया से बातचीत में श्री एस.के. श्रीवास्तव ने कहा कि स्टेशन के निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है ताकि आगामी सितंबर या अक्टूबर महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन कराया जा सके।

उन्होंने कहा –

स्टेशन के मुख्य द्वार को और अधिक चौड़ा करने के प्रश्न पर श्रीवास्तव ने बताया कि एक ओर से दाखिले  और दूसरी ओर से निकासी के  लिए नए द्वार को लेकर  नगरपालिका से बातचीत की जाएगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के  मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने कल चंडीगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन -EV पोर्टल  www.chandigarhev.com का औपचारिक शुभारंभ किया ।

चंडीगढ़ नवीकरणीय ऊर्जा और विज्ञान एंव प्रोद्योगिकी  प्रोत्साहन सोसाइटी-CREST के संचालक मंडल की  बैठक में   मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने बताया  कि  यह पोर्टल ईवी लाभार्थियों के लिए बेहतर पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु एक उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल मंच प्रदान करता है। यह पात्र नागरिकों को चंडीगढ़ ईवी नीति के अंतर्गत सब्सिडी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने, अपने आवेदन की स्थिति रीयल-टाइम में ट्रैक करने

तथा पूरे चंडीगढ़ में सभी सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का लोकेशन-आधारित नक्शा देखने की सुविधा देता है।

---

हरियाणा में कल "विश्व ओआरएस  दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य डायरिया से होने वाली मौतों को रोकने के लिए ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन- ओआरएस      के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया -

उन्होंने कहा कि ओआरएस एक सस्ता, सरल और प्रभावी उपाय है जिससे डायरिया से होने वाले पानी की कमी को रोका जा सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में डायरिया के दौरान ओआरएस का उपयोग जान बचा सकता है।

---